2

टी0ए0 मिस केस सं0 306/2018–19

दिनांक	आदेश	अभ्युक्ति
18.05.2020	अभिलेख उपस्थापित। आवेदक **श्री कालीचरण बोदरा**, पिता– स्व० **मथुरा बोदरा**, ग्राम– **तमाड़बाँध**, थाना– **मुफ्फासिल**, जिला–पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा ने **मौजा–तमाड़बाँध, थाना–125, खाता नं०–25, प्लॉट नं०–774, रकवा– 0.01½ एकड़** भूमि क्रेता **सुनीता पुरती, पिता– सेलाये पुरती**, ग्राम– **बड़बिल**, थाना– **मुफ्फसिल** के पास में बिक्री के द्वारा हस्तान्तरित करने की मांग की गई है। इस संबंध मे छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1) (ए) के अन्तर्गत इस न्यायालय से उपरोक्त प्लॉट की बिक्री हेतु आम सूचना निर्गत किया गया। **अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा** से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई, जो प्राप्त हुआ। विक्रेता के द्वारा भी इस संबंध में आवश्यक दास्तावेज प्रस्तुत किया गया। दास्तावेजो के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि **आवेदित भूमि आवेदक के दादा के नाम पर हालसर्वे खतियान में दर्ज है। पिता, दादा के मृत्यु पश्चात् प्राप्त हिस्से की भूमि है। आवेदक का आवेदित भूखंड पर शांतिपूर्वक दखल है।** अंचल अधिकारी, **सदर चाईबासा** का जाँच प्रतिवेदन पत्रांक–**305.**,दिनांक **11.05. 2020** द्वारा प्राप्त है एवं विक्रेता द्वारा प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेजो के अवलोकन से ज्ञात होता है कि परिवारिक, चिकित्सा एवं अन्य घरेलु कार्य हेतु रूपये की आवश्यकता होने के कारण भू–खण्ड को क्रेता **सुनीता पुरती, पिता– सेलाये पुरती**, ग्राम– **बड़बिल, थाना– मुफ्फसिल** के पास में बिक्री करना चाहते हैं। इस संबंध में किसी को किसी प्रकार का आपत्ति प्राप्त नहीं हुआ है। जाँच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि विक्रेता एवं क्रेता दोनों थाना **मुफ्फसिल** के निवासी है। उक्त दोनों अनुसूचित जन जाति के सदस्य हैं। ग्रामीण मुण्डा का बिक्री करने संबंधी अनुशंसा प्रतिवेदन प्राप्त है जो अभिलेख में संलग्न है। उपरोक्त प्लॉट की बिक्री के पश्चात् आवेदक के पास शेष **3.50 एकड़** भूमि से ज्यादा बचता है। आवेदक के पास भरण पोषण हेतु पैत्रिक भू–सम्पति पर्याप्त है। अतः **संबंधित राजस्व कर्मचारी/अंचल निरीक्षक/अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा एवं ग्रामीण मुण्डा** के अनुशंसा के आलोक में आवेदक **श्री कालीचरण बोदरा**, पिता– स्व० **मथुरा बोदरा**, ग्राम– **तमाड़बाँध**, थाना– **मुफ्फासिल**, क्रेता **सुनीता पुरती, पिता– सेलाये पुरती**, ग्राम– **बड़बिल**, थाना– **मुफ्फसिल** के पास **1,00,000.00 (एक लाख)** रूपये में **मौजा–तमाड़बाँध, थाना–125, खाता नं०–25, प्लॉट नं०–774,रकवा– 0.01½ एकड़** भूमि को बिक्री करने हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 (1)(ए) के अन्तर्गत बिक्री द्वारा हस्तांतरण करने की......अनुमति......दी जाती है। 18/05/2020 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर चाईबासा लेखापित 18/5 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर चाईबासा।	